FRI,07 MARCH 2025
EDITION: GURGAON, PAGE NO. 1

# सुविधा समागम के जरिए किया बीमित की शिकायतों का निपटारा

## 7 मामलों का मौके पर किया गया समाधान



विशेष सुविधा समागम में बीमित व्यक्तियों की समस्याओं का समाधान करते अधिकारी।

गुड़गांव, 6 मार्च (ब्यूरो): एसिक पखवाडे के दौरान गुरूग्राम स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय में उपनिदेशक सन्नी कुशवाहा की अध्यक्षता में विशेष सुविधा समागम का आयोजन किया गया।

बैठक में हरियाणा क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किए जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सात बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों की विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित मामलों का मौके पर ही निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए।

सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएचएस/सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है। इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दी जाती है कि गैर आपातकालीन मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पतालों से इलाज प्राप्त करें।

वहां चिकित्सा उपलब्ध न होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज कराएं। बीमाकृत व्यक्तियों की सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस अवसर पर क.रा.बी मॉडल अस्पताल, सेक्टर-9-ए गुरुग्राम से डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. संजीव कुमार, क.रा.बी निगम अस्पताल, मानेसर, डॉ. नितीश कुमार सिविल सर्जन कार्यालय, गुरुग्राम, हेमचंद सिविल सर्जन कार्यालय, गुरुग्राम एवं डॉ. बलराम ईएसआई पटौदी, योगेश चंदर फार्मासिस्ट ईएसआई पटौदी, अजीत सिंह शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, धारुहेडा, तसबीर सिंह सहायक शाखा प्रबंधक

राजीव चौक गुरुग्राम, सुरेंद्र शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय डुंडाहेडा, अनिल कुमार शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, मानेसर भी उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी बीमाकृत व्यक्तियों को उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा प्रकाशित कैलेंडर वितरित किए गए।

देश रोजाना
बेबाक सच
Deshrojana - 07 Mar 2025 - Page 8

# सुविधा समागम के जरिए किया बीमित की शिकायतों का निपटारा

- निगम के गुरुग्राम स्थित उप क्षेत्रीय कार्यालय में हुआ आयोजन

**देव चौहान, देश रोजाना**



**गुरुग्राम।** एसिक पखवाडे के दौरान गुरूग्राम स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम के उप क्षेत्रीय कार्यालय में उपनिदेशक सन्नी कुशवाहा की अध्यक्षता में विशेष सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में हरियाणा क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किए जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर सात बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों की विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से संबंधित मामलों का मौके पर ही निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएचएस/सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है। इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दी जाती है कि गैर आपातकालीन मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पतालों से इलाज प्राप्त करें। वहां चिकित्सा उपलब्ध न होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज कराएं। बीमाकृत व्यक्तियों की सुविधाओं में उत्तरोत्तर सुधार हेतु निगम लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस अवसर पर क.रा.बी मॉडल अस्पताल, सेक्टर-९-ए गुरुग्राम से डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डॉ. संजीव कुमार, क.रा.बी निगम अस्पताल, मानेसर, डॉ. नितीश कुमार सिविल सर्जन कार्यालय, गुरुग्राम, हेमचंद सिविल सर्जन कार्यालय, गुरुग्राम एवं डॉ. बलराम ईएसआई पटौदी, योगेश चंदर फार्मासिस्ट ईएसआई पटौदी, अजीत सिंह शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, धारुहेडा, तसबीर सिंह सहायक शाखा प्रबंधक, राजीव चौक गुरुग्राम, सुरेंद्र शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय डुंडाहेडा, अनिल कुमार शाखा प्रबंधक, शाखा कार्यालय, मानेसर भी उपस्थित रहे। इस मौके पर सभी बीमाकृत व्यक्तियों को उप क्षेत्रीय कार्यालय गुरुग्राम द्वारा प्रकाशित कैलेंडर वितरित किए गए।